जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक/जीविवि/परीक्षा/गोपनीय/ 2017/1103 — दिनांक : 01.09.2017

प्रति,

आवश्यक सूचना

प्राचार्य/प्राचार्या/विभागाध्यक्ष/समन्वयक
समस्त शासकीय एवं अशासकीय सम्बद्व महाविद्यालय एवं अध्ययनशालाऐं
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

विषयः- **एम0ए0एम0 चतुर्थ एवं षष्टम सेमेस्टर परीक्षा मई-जून-2017(नियमित/भूतपूर्व/ए0टी0के0टी) हेतु आंतरिक मूल्यांकन/प्रायोगिक/ मौखिकी परीक्षा (VIVA-VOCE)/प्रोजेक्ट/सेमीनार परीक्षा के अंक दिनांक 17.09.2017 तक अनिवार्य रूप से ऑनलाइन अपडेट करने बावत्।**

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि, एम0ए0एम0 चतुर्थ एवं षष्टम सेमेस्टर परीक्षा मई-जून-2017(नियमित/भूतपूर्व/ए0टी0के0टी) छात्र/छात्राओं की प्रायोगिक परीक्षा हेतु पूर्व में **दिसम्बर-2016** के लिये नियुक्त जिन बाह्य परीक्षकों के द्वारा आपके महाविद्यालयों में जिन विषयों की परीक्षायें सम्पन्न कराई गई थी। उन्ही बाह्य परीक्षकों को **मई-जून 2017** की प्रायोगिक परीक्षाओं हेतु बाह्य परीक्षक नियुक्त किया जाता है। कृपया आप उक्त बाह्य परीक्षकों से सम्पर्क कर शीघ्र परीक्षाऐं सम्पन्न कराने का कष्ट करें।

एम0ए0एम0 चतुर्थ एवं षष्टम सेमेस्टर परीक्षा मई-जून-2017 (नियमित/भूतपूर्व/ए0टी0के0टी0) छात्र/छात्राओं के आंतरिक मूल्यांकन/प्रायोगिक परीक्षा सम्पन्न कराकर आंतरिक मूल्यांकन/प्रायोगिकपरीक्षा के अंक विश्वविद्यालय की बेबसाइट पर ऑनलाईन दिनांक **17 सितम्बर 2017** तक अनिवार्य रूप से अपडेट करें, अपडेट किये गये अंकों की सूची की हार्ड कापी विश्वविद्यालय के गोपनीय विभाग में दिनांक **23 सितम्बर 2017** अनिवार्य रूप से जमा करायें।

आपको भी ज्ञात होगा कि, आंतरिक मूल्यांकन/प्रायोगिक/मौखिकी परीक्षा (VIVA-VOCE)/प्रोजेक्ट/सेमीनार परीक्षा के अंक सभी नियमित/भूतपूर्व छात्रों के ऑनलाईन अपडेट किये जाते है। ए0टी0के0टी के परीक्षार्थी के आंतरिक मूल्यांकन/प्रायोगिक/मौखिकी परीक्षा (VIVA-VOCE)/प्रोजेक्ट/सेमीनार परीक्षा के अंक ऑनलाइन अपडेट नहीं होते है। केवल ऐसे ए0टी0के0टी0 परीक्षार्थी जिनको प्रायोगिक परीक्षा या आंतरिक मूल्यांकन/मौखिकी परीक्षा (VIVA-VOCE)/प्रोजेक्ट/सेमीनार परीक्षा में ए0टी0के0टी0 प्राप्त होती है। केवल उन्ही छात्रों को नवीन प्रायोगिक/आंतरिक मूल्यांकन/मौखिकी परीक्षा (VIVA-VOCE)/प्रोजेक्ट/सेमीनार के अंक अपडेट किये जाते है।

आपको यह पुनः स्मरण कराया जाता है कि, आपके महाविद्यालय के लिये नियुक्त बाह्य परीक्षकों के नियुक्ति पत्र आपके महाविद्यालय की ई-मेल आई0डी0 पर विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व में प्रेषित किये गये हैं।

नोट :- उपरोक्त तिथि तक किसी महाविद्यालय द्वारा छात्र/छात्राओं के प्रायोगिक परीक्षा एवं आंतरिक मूल्यांकन के अंक अद्यतन नहीं किये जाते हैं एवं हार्ड कॉपी निर्धारित अवधि में विश्वविद्यालय में जमा नहीं की जाती है तो बाद में अथवा ऑफलाइन प्रस्तुत किये जाने वाले अंक किसी भी स्थिति में स्वीकार योग्य नहीं होंगे तथा ऐसे महाविद्यालयों के विरूद्ध विश्वविद्यालय की स्थाई समिति के निर्णयानुसार **" यदि महाविद्यालय अंक जमा करने में विलम्ब करता है तो, अंतिम तिथि के 10 दिवस उपरान्त तक विलम्ब शुल्क रू. 25000/- के साथ अंक स्वीकार किये जावेंगे एवं यदि महाविद्यालय से 10 दिवस के पश्चात भी अंक प्राप्त नहीं होते है तो ऐसी स्थिति में संबंधित महाविद्यालय की सम्बद्धता समाप्त किये जाने की कार्यवाही की जावेगी"** जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व आपके महाविद्यालय का होगा।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :-

1. कुलपति महोदया के सचिव,जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर।
2. कुलसचिव के निजि सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर।
3. उप/सहा0 कुलसचिव(गोपनीय)जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर।
4. विश्वविद्यालय की बेबसाइट पर अपलोड हेतु।

उप/सहा0 कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय)